# प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–01.01.2025** **(दोपहर–1455 बजे)**

देश में नए साल से बैंकिंग, यूपीआई भुगतान और जीएसटी समेत कई नियमों में बदलाव हुए हैं। ट्रेनों की नयी समय सारणी भी आज से प्रभावी हो गयी है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि रेल परिचालन के समय में बदलाव के बारे में यात्रियों को विभिन्न माध्यमों से अवगत कराया जा रहा है। शोधार्थियों और विद्यार्थियों के हित में आज से वन नेशन– वनसब्सक्रिप्शन योजना का पहला चरण भी शुरू हो गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वन नेशन– वन सब्सक्रिप्शन योजना के फायदे बताये हैं।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज खरसांवा गोलीकांड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज्य के कई मंत्री और विधायक भी शामिल हुए। इस मौके पर श्री सोरेन ने खरसावां शहीद बेदी और केसरे मुंडा चौक पर पारंपरिक रूप से तेल, हल्दी और पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया।

******************

इससे पहले आज सुबह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा अपनी पत्नी मीरा मुंडा के साथ खरसावां शहीद स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पवित्र शहीद स्थल आज भी शहीदों के वीर गाथाओं को बयां कर रहा है। श्री मुंडा ने कहा कि वर्षों पूर्व जिस उद्देश्य को लेकर लोगों ने अपनी कुर्बानी दी उसकी कीमत आज जनमानस को समझना होगा।

******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में पारंपरिक हर्षोल्लास और धार्मिक भावना के साथ नए वर्ष 2025 का स्वागत किया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी को नूतन वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। नव वर्ष पर राज्य के तमाम धार्मिक स्थलों पर लोग सवेरे से ही भगवान के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पर्यटन और पिकनिक स्थलों पर भी सैलानियों की भीड़ देखी जा रही है।

******************

नववर्ष के पहले दिन बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना करने के लिए श्रद्धालु देर रात से ही कतारबद्ध होने लगे थे। सुबह 4 बजे बाबा का मंदिर खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा बारी–बारी से जलार्पण शुरु किया गया। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि श्रद्धालुओं की कतार दो किलोमीटर लंबी हो गयी है। देवघर डीसी विशाल सागर ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुलभ जलार्पण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।

******************

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिले में शुरू हुए सौ दिवसीय टीबी जागरूकता अभियान सफलता पूर्वक चलाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

पहाड़ों पर हो रही बर्फवारी का असर झारखंड में भी दिख रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान रांची सहित राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया है।

****************